इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 8] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 20 फरवरी 2015—फाल्गुन 1, शक 1936

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 जनवरी 2015

क्र. ई-1-48-2015-5-एक.—(1) डॉ. राजेश राजौरा, भाप्रसे (1990), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के दिनांक 4 से 15 फरवरी 2015 तक नीदरलैंड, स्पेन एवं फ्रांस में अध्ययन प्रवास की अवधि में श्री आर. के. स्वाई, भाप्रसे (1984), कृषि उत्पादन आयुक्त को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसानं कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जैव प्रोद्योगिकी एवं जैव विविधता विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 6 फरवरी 2015

क्र. ई-1-419-2014-5-एक.—(1) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 20 नवम्बर 2014 द्वारा श्री फ्रेंक नोबल ए., भाप्रसे (2013) सहायक कलेक्टर, होशंगाबाद एवं सुश्री रजनी सिंह, भाप्रसे (2013), सहायक कलेक्टर, खण्डवा को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए रिटर्निंग आफीसर का कार्य करने के लिए दिनांक 1 दिसम्बर 2014 से पंचायत निर्वाचन समाप्ति अर्थात् दिनांक 31 जनवरी 2015 तक बैतूल में संबद्ध किया गया है.

(2) राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा द्वितीय चरण के निर्वाचन की तिथि परिवर्तित करने से श्री फ्रेंक नोबल ए., भाप्रसे (2013) सहायक कलेक्टर, होशंगाबाद एवं सुश्री रजनी सिंह, भाप्रसे (2013), सहायक कलेक्टर, खण्डवा को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

रिटर्निंग आफिसर का कार्य करने के लिए बैतूल जिले में संबद्धता अवधि दिनांक 9 फरवरी 2015 तक बढ़ाई जाती है.

(3) बैतूल जिले में दिनांक 27 फरवरी 2015 को जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिये मतों का सारणीकरण एवं जनपद सदस्य के निर्वाचन परिणाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाना है. अतः दिनांक 27 फरवरी 2015 को भी उपरोक्त दोनों अधिकारी बैतूल जिले में निर्वाचन कार्य संपन्न कराने हेतु उपस्थित रहेंगे.

भोपाल, दिनांक 9 फरवरी 2015

क्र. ई-1-409-2014-5-एक.—(1) श्री राकेश श्रीवास्तव, भाप्रसे (1993), आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग भी घोषित किया जाता है.

क्र. ई-1-55-2015-5-एक.—(1) श्री शिवशेखर शुक्ला, भाप्रसे (1994), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के दिनांक 7 से 16 फरवरी 2015 तक दक्षिण अफ्रीका प्रवास की अवधि में श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, भाप्रसे (1996), आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व एवं संग्रहालय एवं कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं संगठन (एप्को) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 10 फरवरी 2015

क्र. ई-5-834-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती रजनी उईके, आयएएस., अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सचिव मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भोपाल को दिनांक 12 से 16 जनवरी 2015 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्रीमती रजनी उईके को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रजनी उईके अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्टोनी डिसा, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 10 फरवरी 2015

क्र. एफ ए 5-25-2011-एक-(1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री मूलचन्द गर्ग, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
01	1 से 5 दिसम्बर 2014 तक.	05	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	—

क्र. एफ ए 5-25-2011-एक-(1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री मूलचन्द गर्ग, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ.क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
01	24 नवम्बर 2014 तक.	01	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 23 नवम्बर 2014 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 6 फरवरी 2015

क्र. ई-5-524-आयएसएस-लीव-5-1.—(1) श्री संजय सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को समसंख्यक आदेश दिनांक 23 जनवरी 2015 द्वारा दिनांक 19 से 24 जनवरी 2015 तक छः दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, मैं आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 19 से 22 जनवरी 2015 तक चार दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) समसंख्यक आदेश दिनांक 23 जनवरी 2015 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
फजल मोहम्मद, अवर सचिव "कार्मिक".

परिवहन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2015

क्र. एफ 22-12-2014-आठ.—राज्य शासन एतद्द्वारा प्रदेश में लोक परिवहन से संबंधित अधोसंरचनाओं जैसे बस स्टैण्ड का निर्माण एवं संचालन, बस स्टैण्ड की भूमि का युक्तियुक्त उपयोग तथा उनसे जुड़ी जन सुविधाओं के मानक तैयार करने उनका नियमन करने तथा संबंधित गतिविधियों के स्तर में सुधार लाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने, मार्गों का युक्तियुक्त करण तथा निर्माण करने, लोक परिवहन में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने आदि के लिये मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत, मध्यप्रदेश इंटरसिटी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी का गठन करता है.

उपरोक्त पंजीकृत सोसायटी की साधारण सभा के सदस्य निम्नानुसार होंगे :—

1.	माननीय मंत्रीजी मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग.	- अध्यक्ष
2.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव परिवहन विभाग.	- उपाध्यक्ष
3.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वित्त.	- सदस्य
4.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव लोक निर्माण विभाग.	- सदस्य
5.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव गृह विभाग.	- सदस्य
6.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग—	- सदस्य
7	परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर	- सदस्य
8.	शासन द्वारा नियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी.	- सचिव

समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति राज्य शासन करेगा जो समिति का सचिव भी होगा.

उक्त अथॉरिटी की एक कार्यकारिणी समिति, होगी जो सामान्य सभा के साधारण पर्यवेक्षक के अधीन काम करेगी. इसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे:—

1.	मुख्य सचिव	- अध्यक्ष
2.	प्रमुख सचिव/सचिव परिवहन विभाग	- सदस्य
3.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वित्त विभाग.	- सदस्य
4.	प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग	- सदस्य
5.	प्रमुख सचिव/सचिव/ नगरीय प्रशासन एवं पर्यावरण विभाग.	- सदस्य
6.	प्रमुख सचिव/ सचिव गृह विभाग	-
7	मुख्य कार्यपालन अधिकारी	- सदस्य

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ओमप्रकाश श्रीवास्तव, उपसचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 जनवरी 2015

क्र. एफ 1(ए)27-94-ब-2-दो.—राज्य शासन के समसंख्यक आदेश दिनांक 6 सितम्बर 2014 द्वारा श्री आलोक रंजन, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशासन, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को स्वीकृत अर्जित अवकाश में से दिनांक 1 से 6 सितम्बर 2014 तक कुल छः दिवस अर्जित अवकाश को निरस्त करते हुए उनके अर्जित अवकाश खाते में समायोजित किया जाता है.

(2) समसंख्यक आदेश की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 6 फरवरी 2015

क्र. एफ 1(ए)77-2005-ब-2-दो.—श्री दिलीप आर्य, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, निमाड़ रेंज खरगौन को दिनांक 22 जनवरी से 10 फरवरी 2015 तक कुल बीस दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री दिलीप आर्य, भापुसे की अवकाश अवधि में कार्य श्री राकेश गुप्ता, भापुसे उप पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर रेंज शहर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटन पर श्री दिलीप आर्य, भापुसे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस उप महानिरीक्षक, निमाड़ रेंज खरगौन के पद पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री दिलीप आर्य, भापुसे, द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री दिलीप आर्य, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री दिलीप आर्य, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए)273-86-ब-2-दो.—श्री महान भारत सागर, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (शिकायत/मानव अधिकार आयोग) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 16 से 25 फरवरी 2015 तक कुल दस दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 14 एवं 15 फरवरी 2015 के विज्ञप्त अवकाश के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री महान भारत सागर, भापुसे की अवकाश अवधि में कार्य श्री आर. एस. डेहरिया, भापुसे सहायक पुलिस महानिरीक्षक (शिकायत), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री महान भारत सागर, भापुसे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (शिकायत/मानव अधिकार आयोग) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री महान भारत सागर, भापुसे पुलिस द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री महान भारत सागर, भापुसे को अवकाश वेतनन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री महान भारत सागर, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए)212-96-ब-2-दो.—श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे पुलिस महानिरीक्षक, विसबल रेंज, इन्दौर को दिनांक 7 फरवरी 2015 से 13 मार्च 2015 तक कुल पैंतीस दिवस का चाईल्ड केयर अवकाश दिनांक 14 एवं 15 मार्च 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री आर. के. गुप्ता, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, आरएपीटीसी, इन्दौर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, विसबल रेंज, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 9 फरवरी 2015

क्र. एफ 1(ए)196-91-ब-2-दो.—श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन), अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 27 जनवरी से 7 फरवरी 2015 तक बारह दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री जी. पी. उईके, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (समन्वय), अपराध अनुसंधान विभाग, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन), अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती अनुराधा शंकर, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनीं रहतीं.

क्र. एफ 1(ए)93-2005-ब-2-दो.—श्री डी. पी. सिंह, भापुसे उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज जबलपुर को दि. 23 फरवरी 2015 से 4 मार्च 2015 तक दस दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 21, 22 फरवरी 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए उक्त अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2014-17 में गृह नगर अवकाश यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की अवकाश यात्रा की पात्रता के तहत् सपरिवार बीकानेर (राजस्थान) भ्रमण पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री डी. पी. सिंह	स्वयं
2.	श्रीमती सरोज सिंह	पत्नी

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री डी. पी. सिंह, भापुसे को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में इनका कार्य श्री एच. एन. मिश्रा, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, जबलपुर द्वारा अतिरिक्त रूप से अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज जबलपुर के द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए)266-86-ब-2-दो.—श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, अतिरिक्त महानिदेशक, नारकोटिक्स, इन्दौर द्वारा अपने पत्र में लेख किया है कि दिनांक 6 से 13 फरवरी 2015 तक आठ दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 14, 15 फरवरी 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुये राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2014-17 में गृह नगर अवकाश यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की अवकाश यात्रा की पात्रता के तहत् परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ त्रिवेन्द्रम भ्रमण पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. श्री के. सी. वर्मा भापुसे — स्वयं
2. श्रीमती नीलू वर्मा — पत्नी

(2) उक्त अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री ए. के. जैन, भापुसे, अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस ट्रैनिंग स्कूल, इन्दौर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अतिरिक्त महानिदेशक, नारकोटिक्स, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, अतिरिक्त महानिदेशक, नारकोटिक्स, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 जनवरी 2015

क्र. एफ 3-11-2007-पचास-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित लाडली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 से निम्नानुसार निधि का गठन करता है:—

1. **निधि का शीर्षक**—यह निधि **''मध्यप्रदेश लाडली लक्ष्मी योजना निधि''** कहलायेगी.

2. **निधि की स्थापना**—राज्य शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना निधि को राज्य के लोक लेखा के अन्तर्गत मुख्य लेखा शीर्ष.

   8448—स्थानीय निधियों की जमा,
   120—अन्य निधियॉ.
   0119—लाडली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत वर्गीकृत की जायेगी.

3. **निधि का उद्धेश्य**—लाडली लक्ष्मी योजना निधि का उपयोग, केवल लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पात्र बालिकाओं को, योजना के अधीन देय राशि प्रदान करने हेतु किया जायेगा.

4. **निधि के लिए अंशदान**—इस निधि में निम्नांकित स्त्रोतों से राशि अंतरित की जा सकेगी:—

   (अ) मुख्य शीर्ष 2235—सामाजिक सुरक्षा और कल्याण, लघु शीर्ष—103 महिला कल्याण, 5067—लाडली लक्ष्मी योजना 42—सहायक अनुदान, 007—अन्य में प्रावधानित राशि.

   (ब) योजना अंतर्गत जारी राष्ट्रीय बचत पत्र की परिपक्वता राशि.

   (स) निधि में जमा राशि पर अर्जित ब्याज की राशि निधि में जमा राशि पर ब्याज की दर राज्य शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जायेगी.

5. **निधि का संचालन एवं लेन-देन का लेखा—**

5.1 **इस** निधि का प्रशासन एवं नियंत्रण **महिला एवं बाल विकास** द्वारा किया जायेगा.

5.2 कंडिका **4(अ), 4(ब) एवं 4(स)** में उल्लेखित राशियों को निधि में अंतरण करने का आदेश महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी किया जायेगा तथा इसकी प्रति महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), मध्यप्रदेश को दी जायेगी.

5.3 योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजना के प्रावधानों के अनुसार भुगतान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा, निधि से राशि आहरित कर किया जायेगा. राशि सीधे हितग्राहीयों के खाते में ई-पेमेंट के माध्यम से अंतरित की जायेगी.

5.4 योजना के हितग्राहियों तथा उनको किये गये भुगतानों, निधि में अंतरित राशि का विस्तृत लेखा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संधारित किया जायेगा.

6. अन्य-निधि के संचालन के लिये आवश्यकतानुसार निर्देश वित्त विभाग के परामर्श से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी किये जा सकेंगे.

7. यह स्वीकृति वित्त विभाग के पृष्ठांकन क्रमांक . . . . दिनांक . . . . .द्वारा महालेखाकार को पृष्ठांकित की गई.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एन. कांसोटिया, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 फरवरी 2015

क्र. 342-224-2015-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2000 (2000 का सं. 56) की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट किशोर न्याय बोर्ड में कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए, कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट न्यायिक अधिकारी को प्रधान मजिस्ट्रेट के रूप में पदांकित करता है, अर्थात्:—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड और उसका मुख्यालय	जिलों के नाम	प्रधान मजिस्ट्रेट के नाम एवं पदनाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	अनूपपुर	अनूपपुर	श्री उदय सिंह मरावी सीजेएम, अनूपपुर.
2	डिंडोरी	डिंडोरी	श्री रघुवीर प्रसाद पटेल सीजेएम, डिंडोरी.

No. 342-224-15-L-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act 2000 (No. 56 of 2000) the State Government hereby designates Judicial Officers as specified in column No. (4) as the Principal Magistrate in the following Juvenile Justice Boards as specified in the column (2) of the Schedule below for the District as specified in column (3) thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on suuch Boards under the said Act, namely:–

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Name of the Districts	Name of the Principal Magistrate & Designation
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Anoppur	Anoppur	Shri Udai Singh Maravi, CJM, Anoppur.
2	Dindori	Dindori	Shri Raghuveer Prasad Patel, CJM, Dindori.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रज्ञा औरंगाबादकर, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 6 फरवरी 2015

क्र. 423-2125-14-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2000 की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा (क) नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट बाल कल्याण समिति का, उसके (अनुसूची के) कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये गठन करती है, और कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त करती है अर्थात्:—

अनुसूची

अ. क्र.	बाल कल्याण समिति के मुख्यालय का जिला	जिले का नाम	सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	विदिशा	विदिशा	1. श्री राम रघुवंशी सदस्य

No. 423-2125-14-L-2.—In exercise of the power conferred by sub-section (1) and (2) of the Section-29 of the Juvenile Justice (Care & Protection of children) Act 2000, the State Government hereby constitute the following Child Welfare Committee as specified in column (2) of the schedule below, for the District as specified in the column (3) and appoints Social Workers

as specified in column (4) respectively, thereof for the purposes of exercising the powers and discharging the duties conferred on such committees under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Child Welfare Committees & its District Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Vidisha	Vidisha	2. Shri Ram Raghuvanshi-Member.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रजनी उईके, अपर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 10 फरवरी 2015

फा. क्र. 17-(ई) 44-2013-इक्कीस-ब(एक)-240-15.—राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक ब-(एक), 3476-2013 दिनांक 11 सितम्बर, 2013 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-एक में दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 35 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

क्रमांक	जिले का नाम	विशेष न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)
"35	शहडोल	श्री एस. बी. वर्मा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, शहडोल."

यह संशोधन उस दिनांक से लागू होगा जिस दिनांक को इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपना पदभार ग्रहण करते हैं.

F. No. 17(E) 44-2013-XXI-B(1)-240-2014.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of National Investigation Agency Act, 2008 (34 of 2008), the state Government, In consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendments in this department's Notification F. No. B(1) 3476/2013, dated 11th September, 2013, which was published in the Madhya Pradesh Gazettee, Part-1, dated 20th September, 2013, namely:—

AMENDMENTS

In the daid notification in the table, for serial number 35 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

Table

S. No.	Name of District	Name and Designation of the Judge
(1)	(2)	(3)
"35.	Shahdol	Shri S. B. Verma, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Shahdol."

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

फा. क्र. 1-5-96-इक्कीस-ब(एक)186-2015.—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का सं. 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 1-5-96-इक्कीस-ब(एक)-4211-13, दिनांक 30 अक्टूबर, 2013 एवं फा. क्र. 1-5-96-इक्कीस-ब(एक)-1158-14, दिनांक 22 मई, 2014 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा श्री राजीव अयाची, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, इंदौर को, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट अपराधों के संबंध में, दिल्ली पुलिस या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का सं. 25) के अधीन, अन्वेषण किए गए अपराधों का विचारण करने के लिए, नीचे विनिर्दिष्ट किए गए राजस्व जिलों में समाविष्ट क्षेत्रों के लिए, विशेष न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करता है, जिनका मुख्यालय, इंदौर होगा, अर्थात्:—

राजस्व जिला

(1) इंदौर (2) धार (3) रतलाम (4) झाबुआ (5) मंदसौर (6) पश्चिम निमाड (मण्डलेश्वर) (7) उज्जैन (8) देवास (9) शाजापुर (10) पू. निमाड (खण्डवा) (11) नीमच (12) बड़वानी (13) अलीराजपुर (14) बुरहानपुर.

F. No. 1-5-96-XXI-B(One)-186-2015.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988) and in supersession of this department's Notification No. F. N.1-5-96-XXI-B(One)-4211-13, dated 30th October, 2013, F. N.1-5-96-XXI-B(One)-1158-13, dated 22nd May, 2014 the State Government, in Consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby appoints Shri Rajeev Ayachi, IVth Additional Sessions Judge, Indore, as a Sepcial Judge with Headquarter at Indore, for the areas comprising of the Revenue District specified below to try the cases in regard to the offences specified in clauses (a) and (b) of sub-section (1) of Section 3 of the said Act, investigated under the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (No. 25 of 1946) by the Delhi Police and Central Bureau of Investigation, namely:—

REVENUE DISTRICT

(1) Indore (2) Dhar (3) Ratlam (4) Jhabua (5) Mandsaur (6) West Nimar (Mandleshwar) (7) Ujjain (8) Dewas (9) Shajapur (10) East Nimar (Khandwa) (11) Neemuch (12) Barwani (13) Alirazpur (14) Burhanpur.

फा. क्र. 17-(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक)-4262-014.—विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का संख्याक 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर, 2010 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1 में दिनांक 24 सितम्बर, 2010 को प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 34 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनु क्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
"34.	खण्डवा	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, खण्डवा.	सिविल जिला खण्डवा का संपूर्ण विद्युत क्षेत्र."

टिप्पणी.—विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अन्तरित हो जायेंगे.

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(One)-4262-014.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendment in this department's Notification F. No. 17(E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September, 2010, whichwas published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-I dated 24th September, 2010 namely:—

AMENDMENT

In the said Notification, in the table, for serial numbers 34 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Territorial jurisdiction of Special Court (According to the electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"34.	Khandwa	Ist Additional Sessions Judge, Khandwa.	All electricity Area of Civil District Khandwa."

Note:—The pending cases of the Special Court shall be stand transferred to the newly constituted court according to their territorial jurisdiction.

फा. क्र. 17-(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक)-4262-2014.—विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का संख्याक 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर, 2010 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1 में दिनांक 24 सितम्बर, 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 2, 34, 81-ए तथा 105 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित

अनुक्रमांक और उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

क्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"2.	अलीराजपुर	अपर सेशन न्यायाधीश, जोबट.	श्री रुप सिंह अलावा, अपर सेशन न्यायाधीश, जोबट.
34.	खण्डवा	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, खण्डवा.	श्री अक्षय कुमार द्विवेदी, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, खण्डवा.
81-ए	सागर	अपर सेशन न्यायाधीश, बीना.	श्री प्रमोद कुमार, अपर सेशन न्यायाधीश, बीना.
105	उज्जैन	अपर सेशन न्यायाधीश, खाचरौद.	श्री व्ही. के. श्रीवास्तव, अपर सेशन न्यायाधीश, खाचरौद."

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(One)-4262-2014.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 153 of Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendments in this department's Notification F. No. 17(E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September, 2010, whichwas published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-I dated 24th September, 2010 namely:—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the table, for serial number 2, 34, 81-A & 105 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

S. No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"2.	Alirazpur	Additional Sessions Judge, Jobat.	Shri Roop Singh Alawa, Additional Sessions Judge, Jobat.
34.	Khandwa	Ist Additional Sessions Judge, Khandwa.	Shri Akshay Kumar Dwivedi, Ist Additional Sessions Judge, Khandwa.
81-ASagar		Additional Sessions Judge, Bina.	Shri Pramod Kumar, Additional Sessions Judge, Bina.
105	Ujjain	Additional Sessions Judge, Khachrod.	Shri V. K. Shrivastava, Additional Sessions Judge, Khachrod."

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 10 फरवरी 2015

फा. क्र. 1(बी)-21-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, श्री विजय कुमार यादव पुत्र श्री बी. पी. यादव अधिवक्ता जिला मण्डला को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला मण्डला सत्र खण्ड मण्डला राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक, जिला मण्डला नियुक्त करता है. यह नियुक्त सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

फा. क्र. 1(बी)-21-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, सुश्री शोभा मिश्रा पुत्र श्री आर. एम. मिश्रा, अधिवक्ता जिला मण्डला को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला मण्डला सत्र खण्ड मण्डला राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, अति. शासकीय अभिभाषक/अति. लोक अभियोजक, जिला मण्डला नियुक्त करता है. यह नियुक्त सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

फा. क्र. 1(बी)-7-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, श्रीमती चन्द्रकृपा अवधिया पुत्री स्व. श्री सोमनाथ अवधिया, अधिवक्ता जिला सीधी को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष

की अवधि के लिये जिला सीधी सत्र खण्ड सीधी राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, अति. शासकीय अभिभाषक/ अति. लोक अभियोजक, जिला सीधी नियुक्त करता है. यह नियुक्त सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

फा. क्र. 1(बी)-7-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, श्री आदित्य प्रताप सिंह, अधिवक्ता, जिला सीधी को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला सीधी सत्र खण्ड सीधी राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, अति. शासकीय अभिभाषक/अति. लोक अभियोजक, जिला सीधी नियुक्त करता है. यह नियुक्त सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

फा. क्र. 1(बी)-7-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, श्री शंकर दयाल शुक्ल पुत्र श्री छोटेलाल शुक्ल अधिवक्ता, जिला सीधी को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला सीधी सत्र खण्ड सीधी राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, अति. शासकीय अभिभाषक/अति. लोक अभियोजक, जिला सीधी नियुक्त करता है. यह नियुक्त सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमिताभ मिश्र, अपर सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिन्दवाड़ा, दिनांक 7 फरवरी 2015

क्र. 776-भू-अर्जन-2015.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में उल्लेखित वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये सार्वजनिक प्रयोजनों के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार एतद्द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकृत अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 में दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

2. चूंकि विशेष आर्थिक क्षेत्र **Multi-Product Special Economic Zone** की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश पत्र क्र. एफ 16-01-2013-सात-2ए भोपाल, दिनांक 20 मार्च 2013 के अन्तर्गत भू-अर्जन की अनुमति प्रदान की गई है. अतएव उपरोक्त के दृष्टिगत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 (3) के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है.

3. इस संबंध में राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उपरोक्त भूमि के अधिग्रहण किये जाने के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 के उपबंध उक्त भूमियों के संबंध में लागू होंगे:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि लगभग क्षेत्रफल (हे. मे.)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
छिन्दवाड़ा	सौंसर	ग्राम-गोंडीबडोना, ब.न.-101, प.ह.नं. 55/22, रा.नि.मं.—सौंसर.	रकबा 177.631 हेक्टेयर एवं उपरोक्त अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि पर आने वाली संपत्तियां.	भू-अर्जन अधिकारी, तहसील सौंसर, जिला छिन्दवाड़ा	विशेष आर्थिक क्षेत्र **Multi-Product Special Economic Zone** की स्थापना के लिये निजी भूमि का अधिग्रहण.

(2) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई व्यक्ति अधि-सूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.chhindwara.nic.in एवं मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल वेबसाईट http://www.mprevenue.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है.

(3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कलेक्टर भू-अर्जन शाखा छिन्दवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा के न्यायालय में किया जा सकता है.

(4) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन, अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील सौंसर जिला छिन्दवाड़ा (म. प्र.) के कार्यालय में भी किया जा सकता है.

(5) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) एवं प्रकरण का निरीक्षण, प्रबंधक संचालक मेसर्स छिन्दवाड़ा प्लस डेव्हलपर्स लिमिटेड-9, इमामबाड़ा रोड नागपुर (महाराष्ट्र) के कार्यालय में भी किया जा सकता है.

(6) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शा प्लान एवं प्रकरण का निरीक्षण प्रबंधक संचालक मेसर्स छिन्दवाड़ा प्लस डेव्हलपर्स लिमिटेड स्थानीय कार्यालय-गावंडे कॉलोनी, नागपुर रोड सौंसर, तहसील सौंसर जिला छिन्दवाड़ा के कार्यालय में भी किया जा सकता है.

(7) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई व्यक्ति अधि-सूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भू-अर्जन किये जाने के संबंध में आक्षेप लिखित रूप से कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) छिन्दवाड़ा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
महेशचन्द्र चौधरी, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कुलाधिपति, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

राजभवन, भोपाल, दिनांक 9 फरवरी, 2015

क्र. एफ-1-1-2014-रा.स.-यू.ए.-1-168.—महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) की धारा 28 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राम नरेश यादव, कुलाधिपति, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन, एतद्द्वारा प्रो. रमेश चन्द्र पण्डा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, व्याकरण विभाग, संस्कृत लर्निंग एवं थियोलाजी संकाय, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005 (उ.प्र.) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की कालावधि के लिये महर्षि पाणिनी संस्कृत एव वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन का कुलपति नियुक्त करता हूं.

2. इनकी सेवा शर्तें एवं निबंधन विश्वविद्यालय के परिनियम-1 के अनुसार शासित होंगी.

राम नरेश यादव, कुलाधिपति.

कार्यालय, कुलाधिपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

राजभवन, भोपाल, दिनांक 11 फरवरी, 2015

क्र. एफ-1-4-13-रा.स.-यू.ए.-1-170.—डॉ. अमरजीत सिंह नन्दा, कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा दिनांक 19 जनवरी 2015 को प्रस्तुत त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है. डॉ. नन्दा दिनांक 13 फरवरी 2015 को अपरान्ह में कार्यमुक्त होंगे.

2. नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (क्र. 16 सन् 2009) की धारा 11 की उपधारा (7) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राम नरेश यादव, कुलाधिपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, एतद्द्वारा डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर को विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक के लिए कुलपति पद का कार्य संपादित करने के लिए नाम निर्देशित करता हूं.

राम नरेश यादव, कुलाधिपति.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), रायसेन मध्यप्रदेश

रायसेन, दिनांक 7 फरवरी 2015

क्र. 153-स्था.निर्वा.-मण्डी उप निर्वा.-2014.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति सिलवानी के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-246 वार्ड क्र.-10 के निम्नानुसार कृषक प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किये गये हैं:—

क्रमांक	निर्वाचित सदस्य का नाम	पद जिसके लिए निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री झलकन आत्मज श्री सुम्मी	कृषक सदस्य	निवासी ग्राम बधवाडा, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन (म. प्र.)

क्र. 154-स्था.निर्वा.-मण्डी उप निर्वा.-2014.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति सिलवानी के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-246 के निम्नानुसार तुलैया तथा हम्माल प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किये गये हैं:—

क्रमांक	निर्वाचित सदस्य का नाम	पद जिसके लिए निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री मोहम्मद शफीक आत्मज श्री वहीद खां.	तुलैया तथा हम्माल.	निवासी सिलवानी, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन (म. प्र.)

जे. के. जैन, कलेक्टर.

न्यायालय उपायुक्त (राजस्व) संभाग शहडोल एवं सक्षम प्राधिकारी मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन केबल एवम् डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 जिला शहडोल, मध्यप्रदेश

प्ररूप-घ

(नियम 6 देखिये)

प्रकरण क्रमांक 18/बी.-121/2013-14 शहडोल, दिनांक 13 फरवरी 2015

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम के नाम से निर्दिष्ट किया गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जारी सक्षम प्राधिकारी की अधिसूचना दिनांक 11 अप्रैल, 2014 द्वारा राज्य सरकार ने मेसर्स रिलायंस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा मीथेन गैस परिवहन परियोजना के लिये ग्राम घोर्वे, पटवारी हल्का घोर्वे-63 तहसील जैतपुर, जिला शहडोल से ग्राम देवरी तहसील गोहपारू, जिला शहडोल के लिये परिवहन हेतु भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट को बिछाने के प्रयोजन हेतु अधिसूचना को संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि में उपयोक्ता के अधिकार के अर्जन की इस आशय की घोषणा की है.

और वह अधिसूचना राजपत्र में दिनांक 18 अप्रैल, 2014 को प्रकाशित की गई तथा कलेक्टर, सक्षम प्राधिकारी, तहसीलदार कार्यालय को नोटिस बोर्ड के साथ ग्राम पंचायत एवं संबंधित ग्राम के लोक समागम स्थल पर अधिसूचना चस्पा कर इसकी सूचना भूमिस्वामी/अधिभोगी को भी दी गई है.

अतएव उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा पाईप लाईन बिछाने के लिये भूमि में उपयोग का अधिकार सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर राज्य सरकार में निहित होगा.

अनुसूची

जिला	तहसील	ग्राम / पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
शहडोल	जैतपुर	घोर्वे / घोर्वे 63	747	0.114
			764	0.002
			839/1क, 839/1ख, 839/2, 839/3	0.739
			840/1, 840/2	0.001
			847/1, 847/2, 847/3	0.046
			848/1, 848/2	1.458
			852/1, 852/2	0.107
			853	0.191
			854	0.025
			855/1, 855/2, 855/3, 855/4, 855/5, 855/6	0.343
			918	0.332
			927	0.073
			928/1, 928/2	0.321
			929/1, 929/2	0.257
			925	0.047
			924	0.016
			857	0.205
			859	0.079
			860/1, 860/2	0.102
			870	0.136
			872	0.001
			926	0.037
			932/1, 932/2	0.169
			1055/1, 1055/2	0.085

एफ. आर. पण्डा, सक्षम प्राधिकारी, उपायुक्त (राजस्व).

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दमोह, दिनांक 1 जनवरी 2015

क्र. क-भू.अ.वि. अ.-2013-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः सही भूमि अधिग्रहण पुनर्वास 2013 की धारा 11 के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधितों व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुका	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	दमोह	जुझार प.ह.नं. 55/38	1.60	मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, दमोह.	दमोह नगर के जुझार घाट पेयजल के योजना इनटेंकवेल सब-स्टेशन पाईप लाईन और रास्ता बनाने के निर्माण हेतु.
		मैली रियाना प.ह.नं.18/61	0.03		
		सलैया प. ह.नं. 15	0.62		
		योग . .	2.25		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी दमोह एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दमोह, दिनांक 27 जनवरी 2015

क्र. भू-अर्जन-2014-15-प्र. क्र. 4 अ-82 वर्ष 2014-2015.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 12 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु अधिकृत करता हूं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन सार्वजनिक प्रयोजन				धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील का नाम	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	पटेरा	सगौनी	0.53	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, दमोह.	सगौनी जलाशय के निर्माण में आने वाली भूमि का अर्जन.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, उपखण्ड हटा एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्वतंत्र कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग
कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी, गौहरगंज, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश

रायसेन, दिनांक 23 जनवरी 2015

भू-अर्जन-प्र. क्र. 4 अ-82-13-14-पत्र क्रमांक 27-भू-अर्जन-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भूमि अर्जन एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधितों व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	अर्जनीय रकबा (हे. में) लगभग		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायसेन	गौहरगंज	कोडिया	1.944	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, रायसेन.	आशापुरी, खसरोद, सलकनी से वर्धमान फैक्ट्री तक सड़क निर्माण हेतु.
		योग . .	1.944		

भू-अर्जन-प्र. क्र. 3 अ-82-13-14-पत्र क्रमांक 28-भू-अर्जन-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भूमि अर्जन एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधितों व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	अर्जनीय रकबा (हे. में) लगभग		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायसेन	गौहरगंज	उमरिया	1.047	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, रायसेन.	ग्राम उमरिया से आमछाकला तक मार्ग निर्माण हेतु.
		योग . .	1.047		

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के. जैन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रीवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रीवा, दिनांक 23 जनवरी 2015

क्र. 10-भू-अर्जन-2015.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना

है. अतः भूमि अर्जन पुनर्वास और पुर्नः व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा (12) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
